Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

# Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

## izsl uksV

## ckf?ku ih&521 dk lQyrkiwoZd jsfM;ks dkyj lEiUuA

&&0&&





दिनांक 11.01.2017 को हिनौता परिक्षेत्र में अनाथ बाघिन टी–5 के दूसरे लिटर की पहली संतान पी–521 का सफलतापूर्वक रेडियो कॉलर किया गया। उल्लेखनीय है कि टी–5 कान्हा टाइगर रिजर्व से जंगली बनाने हेतु लाई गई एक अनाथ बाघिन थी, जिसके मां की मृत्यु 15 दिन के पश्चात ही हो गई थी। उसे बाडे में रख कर पाला गया था। वर्ष 2012 में टी–5 को कान्हा से पन्ना टाइगर रिजर्व जंगली बनाने हेतु लाया गया था। टी–5 की मृत्यु पश्चात पी–521 को रेडियो कालर पहनाने हेतु कई बार प्रयास किया गया किन्तु उसके पहाड़ी क्षेत्र में विचरण के कारण संभव नहीं हो सका था। प्रबन्धन द्वारा काफी समय से उचित लोकेशन की तलाश की जा रही थी। दिनांक 11.01.2017 को परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता के नेतृत्व में कई दिनों के प्रयास उपरान्त पी–521 के सही स्थान पर होने की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल रेडियो कालर पहनाने हेतु निर्धारित टीम को रवाना किया गया। पी–521 के रेडियो कालरिंग की कार्यवाही निर्विघ्न सायं 5.00 बजे से पूर्व पूर्ण की गई था तत्काल मानीटरिंग भी प्रारम्भ कर दी गई। यह सम्पूर्ण कार्यवाही श्री विवेक जैन, क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व के नेतृत्व में किया गया। सम्पूर्ण तकनीकी कार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। इस कार्य में श्री रविकान्त मिश्रा, संयुक्त संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व ने प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का कार्य किया। कालरिंग का कार्य श्री नवीन शर्मा एवं तकनीकी सहयोग श्री तफसील खां द्वारा किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में श्री हेमन्त यादव, सहायक संचालक पन्ना, श्री के.बी.गुप्ता, सहायक संचालक, मड़ला, श्री एम.के. सिंह, अधीक्षक केन घड़ियाल अभयारण्य एवं श्री बी.आर.भगत, परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता ने मौके पर उल्लेखनीय प्रशासनिक एवं व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया। पी–521 की सर्चिंग में हाथी महावतों का विशेष योगदान रहा।

''जय हिन्द''

दिनांक – 16.01.2017

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना